# एनएच पर सड़क की भूमि पर तेजी से हो रहा अवैध कब्जा

## दर्जन भर से अधिक बना लिए झोपड़ी और दुकान



जगदलपुर 8 मई (दण्डकारण्य समाचार)। सड़कें विकास की पहली सीढ़ी होती हैं, लेकिन आज के दौर में प्रशासन की उदासीनता के चलते विकास के इस प्रतीक की परिभाषा अतिक्रमण और अवैध कब्जों का शिकार हो चली है। ग्रामीण एरिया हो या अर्बन एरिया हर जगह सड़कों पर अतिक्रमण और अवैध निर्माण की प्रतियोगिता सी चलती नजर आ रही है। अतिक्रमणकारी अब सरकारी जमीन के साथ निजी पट्टे की जमीन पर भी कब्जा कर रहें है। इस ओर अधिकारियों का ध्यान नहीं है।

नगर के कुम्हारपारा एननएमडीसी चौक राष्ट्रीय राजमार्ग 32 और 64 के दोनों ओर धड़ल्ले से अवैध कब्जा कर छोटे-छोटे झोंपड़ी और मकान बना रहे हैं। सड़क के दोनों ओर तेजी से अवैध निर्माण देखे जा सकते हैं। लेकिन संबधित विभाग के अधिकारी अवैध कब्जा धारकों से स्वार्थपूर्ति कर आंखें बंद किए बैठे हैं। अवैध कब्जा करने वाले अधिकांश ओडिशा से आए लोग है। विभागीय अधिकारियों की उदासीनता के चलते भविष्य में सड़क चौड़ीकरण में भी परेशानी का सामना करना पड़ सकता है। पिछले कुछ दिनों से निजी पट्टे की जमीन पर भी कब्जा कर रहें है।

### *दर्जन भर से अधिक बना लिए झोपड़ी*

*एननएमडीसी चौक से रायपुर जाने वाली मार्ग पर तेजी से सड़क किनारे अवैध कब्जा कर रहे हैं। पिछले एक साल के अंदर एक दर्जन से अधिक लोगों ने झोपड़ी बनाने के साथ ही दुकान और मकान बना रहे हैं। संबधित विभाग इस ओर कोई ध्यान नहीं दे रहे हैं।*

### *यह है अधिनियम*

*राष्ट्रीय राजमार्ग पर सड़क के मध्य रेखा से 75 फुट अंतराल छोड़ना आवश्यक है। यह दूरी छोड़ने के पश्चात ही कोई खुला निर्माण या बाउंड्री आदि निर्माण कार्य कर सकते हैं। लेकिन अधिकारी आंखें बंद कर रखें है। इसके चलते एनएच की जमीन पर अवैध कब्जा हो रहा है।*

### पटवारी पर कब्जा कराने का आरोप

राष्ट्रीय राजमार्ग 32 और 64 पर पिछले कुछ दिनों से कब्जा करने के लिए रस्सी बांध कर रखे है। कब्जा करने वालों से जब पूछ गया तों उन्होंने बताया कि पटवारी कब्जा करने बोला है। हम लोगों को कब्जा के बाद पट्टा देने की बात पटवारी ने बोला है। अतिक्रमणकारियो का पटवारी पर लगाए आरोप बहुत ही गंभीर है।

# बस्तर के युवाओं में जोश और जुनून की कमी नहीं, लक्ष्य तय कर आगे बढ़ें तो सफलता जरूर मिलेगी- कुलपति

## विश्वविद्यालय में यूजीसी नेट और सीजी सेट की तैयारी के लिए निशुल्क कोचिंग का शुभारंभ



जगदलपुर, 08 मई (दण्डकारण्य समाचार)। शहीद महेंद्र कर्मा विश्वविद्यालय के रोजगार एवं कैरियर मार्गदर्शन केंद्र की ओर से राष्ट्रीय पात्रता परीक्षा (यूजीसी नेट) और राज्य पात्रता परीक्षा (सीजी सेट) की निशुल्क कोचिंग की शुरुआत विश्वविद्यालय परिसर में की गई। बुधवार को विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर डॉ. मनोज कुमार श्रीवास्तव के मुख्य आतिथ्य और कुलसचिव डॉ. अभिषेक कुमार बाजपेयी की अध्यक्षता में कोचिंग का शुभारंभ हुआ। इस मौके पर कोचिंग से जुड़े संभाग भर के छात्रों को संबोधित करते हुए कुलपति प्रोफेसर डॉ. मनोज कुमार श्रीवास्तव ने कहा कि बस्तर के युवाओं में जोश और जुनून की कमी नहीं है बस जरूरत उसे जागृत करने की है लक्ष्य तय कर आगे बढ़ें सफलता जरूर मिलेगी।

उन्होंने आगे कहा कि नई शिक्षा नीति कहती है कि अब मानसिक दायरे से बाहर आना होगा। कठिन और जटिल समस्याओं का हल ढूंढना होगा। विश्वविद्यालय को मेरु विश्वविद्यालय का दर्जा मिल चुका है इसके तहत हमें 100 करोड़ रुपए का ग्रांट मिला है। अब हमारा काम सिर्फ आपको मास्टर डिग्री देना नहीं बल्कि आपकी कठिनाई को दूर करना भी है। विश्वविद्यालय में पढ़ने वाले छात्र अलग-अलग क्षेत्र में सफल हों यह हमारा प्रयास होगा। इस कोचिंग के माध्यम से जगदलपुर के विशेषज्ञ आपकी मदद करेंगे। 16 जून को 83 विषयों के छात्रों के लिए यह परीक्षा होगी। कुलपति प्रोफेसर श्रीवास्तव ने नेट के महत्व और इसके स्तर के बारे में बताते हुए कहा कि वर्ष 2023 में 9 लाख 95 हजार छात्र इस परीक्षा में शामिल हुए थेभइससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि स्पर्धा कितनी चुनौतीपूर्ण है। यह सामान्य परीक्षा नहीं है, जबरदस्त प्रतिस्पर्धा है। पहला और दूसरा दोनों पेपर महत्वपूर्ण हैं इसलिए एक्सपर्ट के मार्गदर्शन में सुनियोजित तरीके से तैयारी करें तैयारी में इमानदारी जरूरी है। लगातार कक्षा में आएं और जैसा एक्सपर्ट बताएं उसके अनुसार तैयारी करते रहें। कुलपति प्रोफेसर श्रीवास्तव ने कहा कि मैं उम्मीद करता हूं यहां तैयारी करने वाले छात्र जरूर सफल होंगे।

उन्होंने आगे माउंटेन मेन दशरथ मांझी का उदाहरण देते हुए कहा कि एक व्यक्ति जब 22 साल तक पहाड़ खोदकर रास्ता तैयार कर सकता है तो आप अपनी जिद और लगन से अपना लक्ष्य जरूर प्राप्त कर सकते हैं। इसी क्रम में कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे कुलसचिव डॉ. अभिषेक बाजपेयी ने कहा कि इससे पहले हमने लैब टेक्निशियन की भर्ती के दौरान युवाओं की तैयारी करवाई थी। इस बार फिर हमने नेट और सेट की कोचिंग के रूप में पहल की है। इस कोचिंग में आपका एक्सपर्ट शिक्षक मार्गदर्शन करेंगे। आपकी सफलता आपका भविष्य तय करेगी। आप यह सोच लें कि आपके पास दिसंबर तक का वक्त है।

लगातार मेहनत करते रहेंगे तो सफलता जरूर मिलेगी। आप पूरी इमानदारी से मेहनत करेंगे तो हम गारंटी देते हैं कि हम आपकी लगातार मदद करते रहेंगे जरूरत पड़ी तो एक्सपर्ट बाहर से भी बुलाएंगे। आपकी प्रतिस्पर्धा देशभर के अभ्यर्थियों से है और यह दिमाग में रखकर तैयारी करें। आपके बैच की सफलता आगे भी हमें इसी तरह के प्रयास करने के लिए प्रेरित करेगी। कार्यक्रम में प्रोफेसर डॉ. शरद नेमा, प्रोफेसर डॉ. स्वपन कुमार कोले, डॉ. विनोद कुमार सोनी, डॉ. सजीवन कुमार, डॉ. सुकृता तिर्की, डॉ. संजय डोंगरे, डॉ. शोएब अंसारी, डॉ.सीपी यादव, डॉ. मेखला चटोपाध्याय समेत विश्वविद्यालय के अलग-अलग विभागों के प्राध्यापक, अधिकारीगण मौजूद थे। कार्यक्रम का संचालन डॉ. भुवनेश्वर लाल साहू ने किया।

# खुड़खुड़ी खिलाने वाले 3 आरोपियों को पुलिस ने धर दबोचा



जगदलपुर, 08 मई (दण्डकारण्य समाचार)। पुलिस अधीक्षक के नेतृत्व में बस्तर पुलिस द्वारा आपराधिक तत्वों, जुआ, शराब के विरूद्ध लगातार कार्यवाही किया जा रहा है। इसी तारतम्य में खुडखुडी खिलाने वालो पर कार्यवाही करने में बस्तर पुलिस को सफलता मिली है।

बस्तर में जुआ, सट्टा, खुडखुडी खिलाने वालों के विरुद्ध चलाए जा रहे घर पकड़, गिरफ्तारी अभियान के तहत एसपी सिन्हा के निर्देशन में जुआ, सट्टा, खुडखुडी खिलाने वालों के विरुद्ध कार्रवाई करने टीम गठित कर लगातार पतासाजी की जा रही थी। इसी कड़ी में 7 मई को सूचना मिला की लवागांव मेला स्थल में कुरकुरी जुआ खेलाया जा रहे हैं। मूकबीर के बताएं स्थान पर दबीश देकरमिट्ठू राम बघेल कोंडागांव, कोमल पानका नवरंगपुर, सालीमधर उमरकोट को पकड़ा गया। आरोपियों के कब्जे से रेगजीन में छपा हुआ झंडा ,मुंडा, पान ,चिड़िया , हुकुम ,प्लास्टिक का गोटा, बांस का टोकना के साथ नगदी रकम 10120 जप्त कर आरोपियों के विरुद्ध अपराध धारा 3(2 ) जुआ एक्ट के तहत गिरफ्तार कार्यवाही करते हुए न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया।

# शिल्पी ने गरिमापूर्ण ढंग से मनाई रविन्द्र जंयती



जगदलपुर, 08 मई (दण्डकारण्य समाचार)। प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी शिल्पी सांस्कृतिक संस्था ने कवि गुरु रविंद्र नाथ ठाकुर की जयंती बुधवार को गरिमापूर्ण ढंग से मनाई। इस वर्ष के कार्यक्रम की विशेषता यह रही कि कवि गुरु के शांतिनिकेतन में जिस प्रकार प्रकृति के बीच अध्ययन अध्यापन के तहत गीत, नृत्य, कविता आदि का पाठ कराया जाता है। शिल्पी ने बिल्कुल उसी ढंग से प्रातः 6:30 बजे से 8:30 बजे तक इस कार्यक्रम को भाभा आईटीआई के एक छोटे से बगीचे में खुले आकाश के नीचे बैठ कर चिड़ियों की चहचहाहट, फूलों की खुशबू और पेड़ों की छांव के मध्य कार्यक्रम का आयोजन किया कार्यक्रम का शुभारंभ रविद्रनाथ ठाकुर के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन से किया गया। दीप प्रज्वलन सुबीर नंदी, सुधीर मंडल, हरि माधव दास, भवतोष विश्वास, संजीव, दिशांत चक्रवर्ती एवं श्रीमती नीलिमा विश्वास की उपस्थिति में हुआ। सांस्कृतिक कार्यक्रम की शुरुआत महिला सदस्यों द्वारा समूह गीत श्रीमती रानी चेरपा, इंद्राणी नंदी, शेफाली सरकार, प्रतिमा राय चौधरी, गीता विश्वास, श्वेता विश्वास ने प्रस्तुत किया। कुमारी कनिष्का चक्रवर्ती द्वारा एकल नृत्य प्रस्तुत किया गया तत्पश्चात कविता पाठ हरि माधव दास, सुधीर मंडल, श्रीमती इंद्राणी नंदी एवं श्रीमती शेफाली सरकार ने किया। एकल गीत की प्रस्तुति दिशांत चक्रवर्ती , गीता विश्वास, प्रतिमा राय चौधरी, श्वेता विश्वास द्वारा किया गया। कार्यक्रम में बंगाली समाज की महिलाएं एवं पुरुष बड़ी संख्या में उपस्थित थे। मंच संचालन सुबीर नंदी एवं दिशांत चक्रवर्ती ने किया। शांतनु नाग, जय गोपाल सरकार व्यवस्था में थे।

# भारतीय वन सेवा परीक्षा में गीदम की प्रीति यादव ने हासिल किया 63 वाँ रैंक



गीदम, 08 मई (दण्डकारण्य समाचार)। यूपीएससी द्वारा आयोजित भारतीय वन सेवा परीक्षा 2024 में गीदम की प्रीति यादव पिता बलमुखनंद यादव उम्र 23 वर्ष ने ऑल इंडिया रैंकिंग में 63 वां रैंक लाकर परीक्षा उत्तीर्ण कर ली है। साथ ही प्रीति का आईएफएस ऑफिसर बनने का सपना भी साकार हो गया है। दंतेवाड़ा जिले के व्यापारिक नगरी कहे जाने वाला गीदम नगर अब शिक्षा के क्षेत्र मे भी नए-नए कीर्तिमान रच रहा है। अभी कुछ वर्ष पहले ही गीदम की नम्रता जैन ने आईएएस बन नगर को गौरवान्वित किया था। वहीं आज प्रीति के आईएफएस ऑफिसर बनने से पूरे नगर में खुशी का माहौल है। वही प्रीति और उनके परिवार को बधाई देने का दौर भी जोरो से जारी है।

### विधायक-डीएफओ ने दी बधाई

यूपीएससी द्वारा आयोजित भारतीय वन सेवा परीक्षा 2024 में गीदम की प्रीति यादव के 63 रैंक लाकर आईएफएस बनने पर जिले के विधायक चैतराम अटामी एवं डीएफओ डॉक्टर जाधव सागर ने उन्हें एवं उनके परिवार को बधाई दिया है। साथ ही उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। विधायक श्री अटामी ने कहा कि प्रीति ने सिर्फ गीदम का नही अपितु पूरे जिले का नाम रौशन किया है।

### 23 की उम्र में बड़ी उपलब्धि, पापा को माना आदर्श

प्रीति से बातचीत करने पर उन्होंने बताया कि वे अपना आदर्श अपने माता-पिता को मानती है। उनके पिता बालमुकुंद यादव (मंडी सब इंस्पेक्टर)एवं माता बेटी की पढ़ाई के लिए आज तक घर भी नही बना पाए,एवं किराए के मकान में रहकर अपनी बेटी के भविष्य के लिए संघर्ष किया। एक-एक पैसे जोड़ बेटी को पढ़ाया उसे दिल्ली भेजा। प्रीति की बड़ी बहन प्रियंका यादव है,जो वर्तमान में डीएवी स्कूल में पढ़ा रही हैं। एवं भविष्य में लेक्चरर बनने वो भी पढ़ाई कर रही है।

# *प्रतिबंधित नशीली दवा के साथ 2 आरोपी गिरफ्तार*



*बीजापुर 08 मई (दण्डकारण्य समाचार) । बीजापुर थाना कोतवाली पुलिस को 7 मई को मुखबीर से सूचना मिली कि तहसीलपारा का रहने वाला कैलाश दुर्गम एवं रविन्द्र परकी अपने मोटर सायकल एच एफ सी डी. डिलक्स क्रमांक सीजी-18-जे-8913 में नशीली दवा रखकर बिक्री करने के आशय से भैरमगढ़ से बीजापुर आ रहा है, पुलिस द्वारा बीजापुर आयुष मेडिकल स्टोर के पास से संदिग्धों को पकड़ा गया। पकड़े गये व्यक्तियों के कब्जे से कैप्सूल नशीली दवा ट्रामाडोल (प्रतिबंधित विनिर्मित औषधि) कैप्सूल मिला । संदेही से उपरोक्त नशीली दवा रखने व परिवहन करने के संबंध में वैध दस्तावेज पेश करने नोटिस दिया गया। जवाब में संदेहियों आरोपियों ने उपरोक्त नशीली दवाई रखने व परिवहन करने कोई भी वैध दस्तावेज लिखित में नहीं होना बताये। मौके पर ही उपस्थित गवाहों के समक्ष विधि अनुसार बरामदगी पंचनामा तैयार कर मौके पर जप्त कर सीलबंद कर पंचनामा तैयार किया गया। थाना बीजापुर में उपरोक्त के विरूद्ध धाराओं में वैधानिक कार्यवाही उपरान्त न्यायालय पेश किया गया।*

# *तीन नक्सलियों ने किया आत्मसमर्पण*

*दंतेवाडा, 08 मई (दण्डकारण्य समाचार) । दंतेवाड़ा जिले में तीन नक्सलियों ने पुलिस के समक्ष आत्मसमर्पण कर दिया है।आत्मसमर्पित माओवादी मलांगेर एरिया कमेटी में सक्रिय थे। आत्मसमर्पित सभी माओवादी नक्सली बंद के दौरान रोड़ खोदना, पेड़ काटना एवं नक्सली बैनर पोस्टर लगाने की घटनाओं में शामिल थे। पुलिस सूत्रों के अनुसार आत्मसमर्पण करने वालों में कुमारी नंदे मरकाम केएएमएस सदस्य, केशा गोंचे, गोंडेरास पंचायत मिलिशिया सदस्य, कुमारी मल्ले, गोण्डेरास पंचायत सीएनएम सदस्य शामिल हैं।*

## स्वागत...



जगदलपुर,08 मई (दण्डकारण्य समाचार)। रक्षा मंत्री भारत सरकार राजनाथ सिंह जगदलपुर के माँ दंतेश्वरी एयरपोर्ट पर बुधवार को उड़ीसा जाने के लिए उतरे, इस दौरान भारतीय जनता पार्टी जिला बस्तर के कार्यकर्ताओं द्वारा गर्मजोशी से उनका स्वागत किया गया। श्री सिंह कुछ देर में ओड़ीसा रवाना हो गए।

# 2 लाख रुपए कीमत की 255 नग सागौन चिरान जप्त



बीजापुर, 8 मई (दण्डकारण्य समाचार)। सामान्य वनमंडल के गंगालूर वन परिक्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम पदेड़ा से वन अमले ने मुखबीर की सूचना पर दबिश देकर जमीन में दबा कर रखी गई करीब दो लाख रुपये के सागौन चिरान को जप्त करने में कामयाबी हासिल की है। बीजापुर वनमंडल के एसडीओ देवेंद्र गौड़ ने बताया कि विभाग को मुखबीर से सूचना मिली थी कि कुछ लोग गंगालूर परिक्षेत्र के पदेड़ा गांव में इमारती लकड़ी सागौन के चिरान बड़ी मात्रा में रखे हुए हैं। सूचना के बाद वन अमले ने ग्राम पदेड़ा में बेवा तुलसी दुर्गम पति स्व. बलैया दुर्गम पुत्र कैलाश दुर्गम के घर मे जमीन में दबाकर रखा सागौन फारा 149 नग, 1.820 घनमीटर, 59 नग चौखट कड़ी 0.810 घनमीटर, बगली 41 नग 0.227 घनमीटर व लट्ठा 6 नग 0.191 सागौन घनमीटर कुल 255 नग तथा 3.048 घनमीटर जिसका बाजार मूल्य 2 लाख 8 रुपये लागत की सागौन लकड़ी पकड़ा गया हैं। एसडीओ देवेंद्र गौड़ ने बताया कि पकड़ी गई लकड़ी को जप्त कर पीओआर प्रकरण क्रमांक 19122/02 द्वारा पंजीबद्ध कर जप्त काष्ठ को बीजापुर डिपो में लाया गया हैं, आगे की जांच जारी हैं।

# तेज रफ्तार कार डिवाइडर से टकराकर पलटी



जगदलपुर 8 मई (दण्डकारण्य समाचार)। नगर के कलेक्ट्रेट मार्ग में मंगलवार की रात एक तेज रफ्तार कार डिवाइडर से टकराते हुए पलट गई। इस घटना में सड़क पर चल रहे लोगों से लेकर कार चालक सभी सुरक्षित हैं। किसी को कोई चोट नहीं आई है। घटना की जानकारी लगते ही कोतवाली पुलिस के साथ ही यातायात विभाग के आला अधिकारी मौके पर आ पहुंचे, जिसके बाद सड़क पर बैरिकेड लगा दिया गया। कार को वहां से हटाया गया।

आसपास के लोगों के बताया कि मंगलवार की रात को गीदम रोड की ओर से एक कार लाल चर्च की ओर जा रही थी। इसी दौरान कोर्ट को जैसे पार किया, अचानक से चालक ने वाहन से अपना नियंत्रण खो दिया। जिसके बाद सड़क पर लगे डिवाइडर को टकराते हुए कार पलट गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि कार के चारों पहिया ऊपर हो गए। घटना के तत्काल बाद आसपास के लोगों ने कार चालक को बाहर निकाला और साथ की इसकी सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने बैरिकड लगा कार को वहां से हटाया।

# रेडक्रॉस डे पर हुई स्वास्थ्य जांच



जगदलपुर,08 मई (दण्डकारण्य समाचार)। बस्तर रेडक्रॉस सोसायटी द्वारा युपीएससी गीदम रोड जगदलपुर में आज रेडक्रॉस डे पर स्वास्थ्य सघन जांच का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मरीजों का जांच डाक्टर श्रेयांस जैन, डाक्टर रोहित कश्यप, डाक्टर अंजिल पलक , डाक्टर रेखा चौहान द्वारा किया गया। इस अवसर पर पार्षद नर्सिंग राव, डी के पराशर, अजयपाल सिंह, डाक्टर देवकांत चतुर्वेदी, रोहित बैस, अलेक्जेंडर चेरियन, युपीएसी स्टाफ मनीष खाखा, जयंत देशमुख, हेमो बघेल, यशोदा जोशी ,मेघा ठाकुर, चेतन बघेल एवं अन्य उपस्थित थे।

# जनभावना को ध्यान में रखते हुये तत्काल वनवे प्रयोग बंद होना चाहिए- पब्लिक वॉइस

जगदलपुर 8 मई (दण्डकारण्य समाचार)। जिला प्रशासन द्वारा वनवे करने का निर्णय को लगभग अब एक सप्ताह होने को आ गया है। इस निर्णय को प्रतिदिन जनाक्रोश का सामना करना पड़ रहा है। आमजन सहित व्यापारी, मरीज़, कर्मचारी और इमरजेंसी गाड़ियाँ भी प्रभावित हो रही हैं। बस्तर चैम्बर ऑफ कॉमर्स ने भी वनवे के निर्णय पर अपना समर्थन न होने की बयान जारी कर दिया है। जिसे देखते हुये अनुमान लगाया जा रहा है कि जल्द वनवे समाप्त किया जा सकता है। शहर के मध्य स्थित शराब दुकान को अन्यंत्र स्थानांतरित करने व वनवे से हो रही समस्याओं से आमजनों को निजात दिलाने के लिये निरंतर संघर्षरत सामाजिक संगठन पब्लिक वॉइस ने विज्ञप्ति जारी कर कहा कि अब जब वनवे प्रयोग के परिणाम सामने आ ही गए है तो जनभावना को सर्वोपरि मानते हुये इसे तत्काल प्रशासन को रद्द कर देना चाहिए। संगठन के रोहित सिंह आर्य ने कहा कि एस.बी.आई रोड़ में यातायात अव्यवस्थित होने की प्रमुख कारणों में से एक शराब दुकान है शासन-प्रशासन को जनहित को ध्यान में रखते हुये जल्द शराब दुकान को स्थानांतरित करना चाहिए। आर्य ने आगे कहा कि वनवे करने के बाद से शराब दुकान की भीड़ पूरी तरह से अनियंत्रित हो गयी सड़क के ऊपर व दोनों ओर गाड़ियां बेधक पार्क किये जा रहे हैं। ट्रैफिक इतना ज्यादा अव्यवस्थित हो गयी है कि माताओं बहनों का आवागमन लगभग अवरुद्ध अवस्था मे है।

मुद्रक व प्रकाशक विश्वरूप बोस द्वारा मालिक विश्वरूप बोस के लिए दण्डकारण्य समाचार, समाचार काम्पलेक्स, वृन्दावन बाग, जगदलपुर, बस्तर, छ.ग. से मुद्रित एवं समाचार काम्पलेक्स, वृन्दावन बाग, जगदलपुर, बस्तर, छ.ग. से प्रकाशित : प्रधान संपादक - श्रीमती मणिकुंतला बोस
संपादक - विश्वरूप बोस Post Box No.- 8, ☎ Office - 07782/227594 Fax- 07782/227593 E-mail: news@dandakaranyasamachar.com Website: www.dandakaranyasamachar.com